# **BHADOHI POLICE**

**प्रेस-नोट**

**सराहनीय कार्य, जनपद भदोही** **दिनांक-22.03.2025**

**◆डायल-112, पीआरवी पुलिसकर्मियों की तत्परता से सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल दो व्यक्तियों की बच सकी जान**

**◆राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर चार पहिया वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर क्षेत्र भ्रमण कर रही पीआरवी पुलिस टीम द्वारा तत्काल एंबुलेंस का इंतजार किए बिना पीआरवी वाहन में ही घायलों को अस्पताल पहुंचाकर कराया गया समुचित ईलाज**

**◆पुलिसकर्मियों द्वारा की गई तत्परतापूर्वक कार्यवाही की घायलों के परिजनों ने की भूरि-भूरि प्रशंसा**

दिनांक 20.03.2025 को थाना ऊंज क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर डायल-112, पीआरवी वाहन 2308 अपने निर्धारित प्वाइंट से दूसरे प्वाइंट पर जा रहे थे तभी हाईवे पर एक टाटा पंच चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। चार पहिया वाहन में सवार दो व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए। पीआरवी पुलिसकर्मियों ने तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए एंबुलेंस का इंतजार किए बिना घायल दोनों व्यक्तियों को पीआरवी वाहन से ले जाकर सीएचसी गोपीगंज में भर्ती कराया गया एवं स्थानीय पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई। पीआरवी पुलिस कर्मियों की तत्परता से घायल दोनों व्यक्तियों की जान बच सकी। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही पर घायलों के परिजनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया।

**पीआरवी-2308 पर ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों का विवरण-**

1.कमाण्डर-मुख्य आरक्षी जागृति सिंह

2.सब कमाण्डर-आरक्षी अंकुश खरवार

3.पायलट-आरक्षी रविशंकर यादव